# युवाओं के लिए उद्यमिता का नया मंच है यूथ अड्डा : योगी

## अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण, सीएम युवा मोबाइल एप के साथ नए डिजिटल प्लेटफार्म की भी शुरुआत की

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लोकभवन में अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग) दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में यूथ अड्डा का लोकार्पण किया। इसे यूपीकॉन द्वारा नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है।

योगी ने सीएम युवा मोबाइल एप के साथ नए डिजिटल प्लेटफार्म की शुरुआत की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एप सभी समुदायों के युवाओं को बिना किसी जातिगत भेदभाव के प्रशिक्षण, ऋण और सरकारी योजनाओं की जानकारी देगा। एप सुनिश्चित करेगा कि कोई भी युवा सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने के लिए मजबूर न हो।



अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने विभिन्न योजनाओं का चेक वितरित किए। इस दौरान एमएसएमई मंत्री राकेश सचान भी मौजूद रहे। - अमर उजाला

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले का यूपी दंगों के रूप में, माफिया गिरोह के रूप में, बेटी और व्यापारी के लिए सबसे असुरक्षित प्रदेश के रूप में जाना जाता था। 1950 से अब तक यूपी ने 24 जनवरी 2018 में पहली बार अपने स्थापना दिवस का आयोजन किया, क्योंकि पिछली सरकारें जातीय संघर्ष कराकर अपने परिवार के लिए काम कर रही थीं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार, प्रमुख सचिव एमएसएमई आलोक कुमार आदि मौजूद थे।

### 25 से 29 सितंबर तक होगा इंटरनेशनल ट्रेड शो

मुख्यमंत्री ने इस वर्ष 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण की घोषणा की। यह शो यूपी के एमएसएमई उत्पादों को वैश्विक खरीदारों तक पहुंचाने का मंच देगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि यूपी के 77 उत्पादों को जीआई टैग मिल चुका है और 75 नए आवेदनों पर काम चल रहा है। सीएम ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारी विरासत पर कोई और दावेदारी न कर सके।

### औद्योगिक इकाइयों को दिए आवंटन पत्र

मुख्यमंत्री ने औद्योगिक आख्यान खैमई अलीगढ़ की पांच औद्योगिक इकाइयों और उनके प्रतिनिधियों को आवंटन पत्र वितरित किया। एमएसएमई प्रोत्साहन नीति के पांच लाभार्थियों को चेक दिए गए। साथ ही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत छह युवाओं और ओडीओपी वित्त पोषण योजना के अंतर्गत पांच उद्यमियों को को डमी चेक दिया। ओडीओपी ट्रेनिंग टूलकिट योजना के अंतर्गत टूलकिट दिए गए।

### बरेली व मुरादाबाद में कॉमन फैसिलिटेशन सेंटर

मुख्यमंत्री ने ओडीओपी योजना के तहत बरेली और मुरादाबाद में 18 करोड़ रुपये की लागत से कॉमन फैसिलिटेशन सेंटर (सीएफसी) परियोजना का लोकार्पण किया। सीएम ने कहा कि आज ओडीओपी के माध्यम से हर जनपद की विशिष्टता को वैश्विक मंच मिल रहा है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 55 हजार युवाओं को 5 लाख रुपये का ब्याज-मुक्त ऋण और 10 प्रतिशत सरकारी अनुदान दिया गया है।